संत थॉमस स्कूल धुर्वा,राँची–4

वार्षिक परीक्षा

(सत्र–2021–22)

कक्षा–2 (कक्षा कार्य कॉपी में लिखिए।)

विषय–हिन्दी पाठ– 13 बाल–दिवस

शब्दार्थ लिखिए–

(क) सभा–एकत्र होना (ख) व्यस्त–काम में लगे होना

(ग) मुद्रा–स्थिति (घ) गुंलिस्ताँ–बाग,बगीचा (ड़) जड़मति–मूर्ख

(च) सुजान–ज्ञानी (छ) रसरी–रस्सी (ज) सिल–चट्टान

1.सोचिए और बोलिए–

प्रश्न1– बाल–दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर– बाल–दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है ।

प्रश्न2– भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम बताएँ ?

उत्तर– भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम पंडित जवाहर लाल नेहरू था।

2.सोचिए और लिखिए–

प्रश्न1– चाचा नेहरू का जन्म दिन बाल–दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है ?

उत्तर– चाचा नेहरू जी बच्चों से बहुत प्यार करते थे। वे अत्यंत व्यस्त होते हुए भी बच्चों के लिए समय निकाल लेते थे, इसलिए उनकी मृत्यु के बाद उनका जन्मदिन बाल–दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रश्न2–राष्ट्र–गीत गाते समय सब कैसे खड़े थे ?

उत्तर– राष्ट्र–गीत समय सब सावधान की मुद्रा में खड़े हो गए थे ।

प्रश्न3– अमन ने किसकी और कौन–सी कविता सुनाई ?

उत्तर– अमन ने सुभद्राकुमारी चौहान की कविता 'झाँसी की रानी' सुनाई ।

प्रश्न 4– सही उत्तर के आगे(√) लगाइए –

1– प्रधानमंत्री 2– बाल दिवस 3– चुटकुला

हिन्दी व्याकरण कक्षा कार्य कॉपी में लिखिए।

पाठ–8 विशेषण अभ्यास–कार्य

(1) चित्रों को उनके विशेषण शब्दों से जोड़िए–

आम – दो	बालक–छोटा
गुलाब– लाल	चाय–गरम
अंगूर–मीठे	ढ़ोलक–गोल

2. (क) विशेषण किसे कहते हैं ?

उत्तर–संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

(ख) विशेष्य किसे कहते हैं ?

उत्तर–जिस शब्द की विशेषता बताई जाए , उसे विशेष्य कहते हैं।

3. दिए गए शब्दों में से विशषण और विशेष्य को अलग–अलग करके लिखिए–

जोड़ा	विशेषण	विशेष्य
(क) खट्टा–संतरा	खट्टा	संतरा

(ख)स्वामिभक्त–जानवर स्वामिभक्त जानवर

(ग) गर्म–चाय गर्म चाय

(घ) सुन्दर–बालिकाएँ सुन्दर बालिकाएँ

4.नीचे दिए गए विशेषण शब्दों को सामने लिखे उचित संज्ञा शब्दों से मिलाइए–

मेहनती – लड़का ऊँचा – पर्वत

एक चम्मच – चीनी वीर–सैनिक

ज्ञानी – मुनि चंचल –बालक

5. उचित विशेषण शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए–

(क) चार किलो (ख) समझदार (ग) अच्छी (घ) लाल

(ड़) बूढ़ा

6. (क) सफेद घोड़ा (ख) छोटी लड़की

(ग) रंग–बिरंगी तितलियाँ (घ) दो मीटर कपड़ा

(ड़) हरा पेड़ (च) गोरा लड़का

अनुच्छेद– दीपावली

दीपावली भारत का प्रमुख त्योहार है। दीपावली दीपों का त्योहार है। दीपावली कार्तिक माह की अमावस्या को मनाई जाती है। दीपावली मनाने का कारण यह है कि इस दिन श्री राम चौदह साल का वनवास काटकर वापिस अयोध्या लौटे थे। इस त्योहार के आने के एक सप्ताह पहले से लोग अपने–अपने घरों की सफ़ाई करते है। दीपावली के दिन शाम के समय लक्ष्मी–गणेशजी की पूजा होती है। घर को दीयों से

सजाया जाता है। घर में मिठाई और तरह–तरह के पकवान बनते हैं। पटाखें भी जलाए जाते है। चारों ओर खुशियाँ ही खुशियाँ रहती हैं।